# इतनी किरपा मैया जी बनाये रखना | By Sukh Sagar |

इतनी किरपा मैया जी बनाये रखना
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना
इतनी किरपा मैया जी ...........

मैं तेरा तू मेरी मैया तू राज़ी मैं राज़ी मैया
तू राज़ी मैं राज़ी........
तेरे हवाले कर दी मैंने इस जीवन की बाज़ी मैया
इस जीवन की बाज़ी.....
लाज तेरे हाथ है बचाये रखना
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना
इतनी किरपा मैया जी ...........

तेरे प्रेमियों में मन लगता और कहीं ना लागे मैया
और कहीं ना लागे.........
तेरे द्वार पे आके मैया सब फीका सा लागे मैया
सब फीका सा लागे ............
भजनो की इस भूख को जगाये रकना
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना
इतनी किरपा मैया जी ...........

हाथ जोड़ कर करूँ प्रार्थना मुझको भूल न जाना मैया
मुझको भूल न जाना..........
तेरे दर पे लगा रहे बस मेरा आना जाना मैया
मेरा आना जाना..........
दिन पे दिन ये सिलसिला चलए रखना
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना
इतनी किरपा मैया जी ...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%87%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b0/